तापमान

भोपाल	24.0°	28.0°
इंदौर	23.0°	28.0°
जबलपुर	24.0°	27.0°
ग्वालियर	27.0°	33.0°
सागर	24.0°	27.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 268, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल चतुर्दशी संवत् 2083
गुरुवार, 27 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... लाड़ली बहनों के स्नेह से भावुक हुआ रक्षाबंधन ...

खेल... एशियाई खेलों से पहले फिटनेस पर मीराबाई का फोकस ...

व्यापार... सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव ...

देश-विदेश... अमेरिकी खुफिया एजेंसी प्रमुख का मॉस्को दौरा ...

खास-खबरें

दिल्ली कोर्ट ने सुकेश को ठहराया दोषी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : ठगी के मामलों में चर्चित सुकेश चंद्रशेखर को दिल्ली की एक अदालत ने 2017 के भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया है। अदालत ने माना कि सुकेश ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश बनकर एक विशेष न्यायाधीश को प्रभावित करने और अपनी जमानत मंजूर कराने की कोशिश की थी। तीस हजारी स्थित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हर्षिता मिश्रा की अदालत ने सुकेश को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 170, 189 और 507 के तहत दोषी पाया है। अदालत ने इस मामले को न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता और विश्वसनीयता पर हमला बताया। मामले में सजा की अवधि को लेकर 27 अगस्त को सुनवाई होगी।

अमृतसर में प्याज ने बिगाड़ा रसोई का बजट

नईदुनिया ब्यूरो, अमृतसर : पंजाब में सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। अमृतसर में प्याज के दामों में अचानक बढ़ोतरी देखने को मिली है। कुछ दिन पहले तक 40 रुपये किलो बिक रहा प्याज अब करीब 60 रुपये किलो तक पहुंच गया है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, पिछले दो-तीन दिनों में प्याज की कीमत में 15 से 20 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के कारण सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है, जिससे मंडियों में आवक कम हो गई है। इसका सीधा असर बाजार की कीमतों पर पड़ रहा है।

मोदी ने बालेंद्र शाह से की बात, मदद को आगे आया भारत; जयशंकर बोले- बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी 10 टन राहत सामग्री

नेपाल में बाढ़ का कहर, 100 की मौत

- नेपाल में तबाही मचाकर बिहार पहुंची बाढ़, गंडक बैराज के सारे गेट खोले गए
- कैलाश मानसरोवर जा रहे करीब 1000 तीर्थयात्रियों से संपर्क टूटा
- रसुवा जिले में सड़क और जरूरी ढांचे को नुकसान, ज्यादातर तीर्थयात्री भारतीय बताए जा रहे
- भारतीय दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

नेपाल में अचानक आई बाढ़ ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले सैकड़ों तीर्थयात्रियों की चिंता बढ़ा दी है। रसुवा जिले में आई भीषण बाढ़ के बाद करीब 1000 तीर्थयात्रियों से संपर्क टूट गया है। ये सभी यात्री चीन के तिब्बत क्षेत्र स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल-चीन सीमा की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, इन यात्रियों को बुधवार को रसुवागढ़ी सीमा पार करनी थी, लेकिन बाढ़ के कारण सड़क और अन्य जरूरी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इसके चलते यात्रा प्रभावित हुई और कई तीर्थयात्रियों से संपर्क नहीं हो सका।

हेल्पलाइन नंबर

प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। लोग सहायता के लिए इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं-
+977 985 131 6807, +977 970 910 7500

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली/काठमांडो : नेपाल-तिब्बत बॉर्डर पर बुधवार सुबह 9 बजे अचानक आई बाढ़ ने नेपाल के रसुवा जिले में भारी तबाही मचा दी। सुबह 9 बजे तिब्बत की दिशा से भोटेकोशी नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आया जिसमें कई इलाके चपेट में आ गए।

नेपाल पुलिस के मुताबिक, अब तक 100 लोगों के मौत हो चुकी है। नेपाल के पर्यटन विभाग के मुताबिक 1000 से ज्यादा लोगों का पता नहीं चल रहा है। इनमें 133 भारतीय समेत 300 से ज्यादा विदेशी पर्यटक हैं। नेपाली अधिकारियों के मुताबिक एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि जिस ग्लेशियल झील के फटने से अचानक बाढ़ आई थी, वहां अभी भी करीब 7 मीटर ऊंचा पानी का बांध बना हुआ है। यह कभी भी टूट सकता है। नेपाल की यात्रा एजेंसियों के अनुसार, करीब 390 तीर्थयात्री रसुवा क्षेत्र में मौजूद थे। इनमें 93 नेपाली नागरिक शामिल हैं, जबकि बाकी अधिकांश भारतीय बताए जा रहे हैं।

बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी 10 टन राहत सामग्री

नेपाल में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इस मुश्किल घड़ी में भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारत ने नेपाल की बाढ़ से निपटने की कोशिशों में सहायता के लिए 10 टन आपदा राहत सामग्री और जरूरी दवाइयां भेजी हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत नेपाल और उसके लोगों के साथ खड़ा है। इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के प्रति भी अपनी सहानुभूति व्यक्त की। भारत की ओर से भेजी गई राहत सामग्री और दवाइयां नेपाल के राहत प्रयासों को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम हैं।

पीएम मोदी ने बालेंद्र शाह से की बात

नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से फोन पर बातचीत की। पीएम मोदी ने बाढ़ में हुई जनहानि पर दुख जताते हुए नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता देने का भरोसा दिया। नेपाल के रसुवा जिले में भोटेकोशी नदी में अचानक आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है।

बाढ़ के खतरे पर शाह ने सीएम से की बात

बिहार में बढ़ते बाढ़ के खतरे को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से फोन पर बातचीत की। उन्होंने संभावित आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया। नेपाल में आई भीषण बाढ़ और भारी बारिश के कारण बिहार के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

गंगा के तेज बहाव में 19 मजदूरों से भरी एक नाव डूबी, दो लापता

भागलपुर। बिहार के नवगछिया क्षेत्र में गंगा नदी के तेज बहाव के कारण बड़ा हादसा हो गया। मजदूरों से भरी एक नाव नदी में पलट गई, जिसमें सवार 21 लोगों में से 19 ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि दो मजदूर अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गंगा नदी के उफान के कारण क्षेत्र में पानी का दबाव बढ़ गया था। इसी दौरान तटबंध टूटने से हालात और गंभीर हो गए। तेज बहाव की चपेट में आने के बाद मजदूरों से भरी नाव अनियंत्रित होकर नदी में समा गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। नाव में सवार अधिकांश मजदूर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए। वहीं, दो मजदूरों का पता नहीं चल सका है। लापता मजदूरों की तलाश के लिए स्थानीय प्रशासन और बचाव दल अभियान चला रहे हैं। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है। नदी के तेज बहाव को देखते हुए बचाव कार्य में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण इलाके के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। तटबंध टूटने से आसपास के क्षेत्रों में पानी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है और नदी के आसपास जाने से बचने की सलाह दी है।

सुप्रीम कोर्ट जज ने राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक सीजे को हटाने की मांग की

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखकर राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। जस्टिस मेहता ने सीजेआई को अगस्त महीने में तीन पत्र लिखकर राजस्थान हाई कोर्ट में किसी अन्य मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की अपील की है। जस्टिस मेहता ने अपने पत्रों में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शर्मा के कामकाज और व्यवहार को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जस्टिस शर्मा ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी शक्तियों का उपयोग इस तरह किया, जो न्यायिक संस्था के प्रमुख पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। जस्टिस मेहता ने कहा कि उन्हें जस्टिस शर्मा के न्यायिक कार्यों को लेकर कई शिकायतें मिली हैं, जिनमें पहली नजर में उनकी निष्पक्षता और कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि राजस्थान हाई कोर्ट के कई न्यायाधीशों ने उनसे मुलाकात कर जस्टिस शर्मा के व्यवहार को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी। अपने पत्र में जस्टिस मेहता ने आरोप लगाया कि जस्टिस शर्मा कई बार अपने साथी न्यायाधीशों को भारत के मुख्य न्यायाधीश से करीबी संबंध होने का हवाला देते हुए स्थानांतरण जैसी कार्रवाई की धमकी देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को देखते हुए जस्टिस शर्मा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

इस्लामाबाद अस्पताल में भीषण आग, 15 नवजातों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के महिला एवं प्रसूति वार्ड में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में नर्सरी में भर्ती 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, आग अस्पताल की नर्सरी में सुबह करीब 6 बजकर 45 मिनट पर लगी। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण नर्सरी में लगे एयर कंडीशनर के कंप्रेसर में विस्फोट बताया जा रहा है।

औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा चंबल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब देश-विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों की पसंद बन रहा है। चंबल क्षेत्र तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है और अपनी पुरानी पहचान बदलकर निवेश, उद्योग और रोजगार के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चौथी नवीन एकीकृत विनिर्माण इकाई का शुभारंभ किया। करीब 450 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश से तैयार इस इकाई में 600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

मालनपुर में गोदरेज की नई इकाई शुरू

मालनपुर बना एशिया की सबसे बड़ी साबुन निर्माण इकाई का केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोदरेज ने करीब तीन दशक पहले मालनपुर में संभावनाओं को देखते हुए निवेश किया था। आज वही क्षेत्र औद्योगिक विकास की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि गोदरेज का निवेश 'मेड इन एमपी' और 'फेथ इन एमपी' का उत्कृष्ट उदाहरण है। नई इकाई शुरू होने के बाद मालनपुर को एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत साबुन निर्माण फैक्ट्री का गौरव मिला है। यहां प्रति मिनट करीब 4 हजार साबुन तैयार किए जा सकेंगे।

तेजी से बढ़ रहा औद्योगिक निवेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में मिले निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं। इनमें से करीब 30 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश से करीब 76 हजार करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। राज्य की औद्योगिक प्रगति तेज गति से आगे बढ़ रही है और बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को जनवरी-27 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मप्र में उद्योग लगाने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

विकास को मिलेगी नई गति

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आसिफ मलवारी ने कहा कि मालनपुर इकाई आधुनिक तकनीक, स्वचालन और डिजिटलीकरण से लैस है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्लांट में करीब 2200 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो बढ़कर 2800 तक पहुंच जाएंगे। नई इकाई से क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है।

तेलंगाना में कंटेनर से टकराई बस, 6 की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबाद : तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कोडाड मंडल के डोराकुंटा इलाके के पास एक निजी यात्री बस खड़े कंटेनर से टकरा गई। हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बस हैदराबाद से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जा रही थी। हादसे के समय बस में कुल 43 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री वाहन के अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतकों में पांच महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकराई थी। हादसे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा है।

आयोजन न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम में एकता, आपसी सम्मान और वैश्विक सद्भाव का दिया जाएगा संदेश...

हिंदू समुदाय सम्मेलन में शामिल होने अमेरिका पहुंचे मोहन भागवत

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत हिंदू समुदाय सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंच गए हैं। यह सम्मेलन शनिवार को न्यूयॉर्क में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य समुदायों के बीच एकता, नागरिक जिम्मेदारी और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में लोगों से मतभेदों से ऊपर उठकर मानवता को जोड़ने वाले संबंधों को मजबूत करने और आपसी सम्मान, सहयोग एवं एकता की भावना अपनाने का आह्वान किया जाएगा।

इस सम्मेलन में विभिन्न धर्मों और समुदायों से जुड़े वक्ता शामिल होंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आधार भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम्' रहेगा, जिसका अर्थ है कि पूरा विश्व एक परिवार है।

आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन का उद्देश्य समाज में संवाद, सहयोग और सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देना है। इसमें आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन 'अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग फोरम' की ओर से किया जा रहा है।

आरएसएस प्रमुख के विरोध पर गायिका मैरी मिलबेन ने जताई नाराजगी

वाशिंगटन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के न्यूयॉर्क स्थित मैडिसन स्क्वायर गार्डन में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अमेरिका में बहस तेज हो गई है। कार्यक्रम के विरोध पर अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी पर निशाना साधा है।

मैरी मिलबेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि कार्यक्रम का विरोध करने वाले लोग भारतीय राजनीति से प्रभावित हैं और उनका विरोध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति उनकी राजनीतिक सोच से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपनी वैचारिक सोच के कारण इस आयोजन का विरोध कर रहे हैं। मिलबेन ने कहा कि यदि किसी को कार्यक्रम से आपत्ति है तो वह अपनी अलग रैली आयोजित कर सकता है। उन्होंने मेयर जोहरान ममदानी को चुनौती देते हुए कहा कि विरोध करने वालों को अपना कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वयं संसाधन जुटाने चाहिए और अपनी विचारधारा रखने के लिए अलग मंच तैयार करना चाहिए। मिलबेन ने मोहन भागवत के कार्यक्रम के शीर्षक 'वननेस' की सराहना भी की। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मंच के माध्यम से भारत में धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक सद्भाव जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हो सकती है। वहीं, न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने इस आयोजन को लेकर असहमति जताई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा और मोहन भागवत की मौजूदगी को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि वह इस कार्यक्रम का समर्थन नहीं करते।

राहुल के कहने पर हिमंत पर लगाए आरोप, रिजिजू ने खेड़ा पर साधा निशाना

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि असम चुनाव के दौरान हिमंत बिस्वा सरमा और उनके परिवार को लेकर लगाए गए आरोप कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर लगाए गए थे। रिजिजू ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दावा किया कि कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बताया कि राहुल गांधी ने असम चुनाव के अंतिम दौर में पवन खेड़ा से हिमंत बिस्वा सरमा और रिनीकी सरमा पर आरोप लगाने को कहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब ये आरोप सफल नहीं हुए तो पवन खेड़ा को राज्यसभा सीट देकर पुरस्कृत किया गया।

हालांकि, रिजिजू के इन आरोपों पर कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी का जिक्र किया और भाजपा नेताओं पर टिप्पणी की।